| | |
|---|---|
| दिनांक 13.10.2024 | |
| प्रेस विज्ञप्ति 19/2024 | |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद शामली/थाना कोतवाली</u>**

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 30 लाख 20 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 13.10.2024 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बलवा चौराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अमरजीत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 30 लाख 20 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—अमरजीत निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली जनपद शामली।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट के 30 लाख 20 हजार रूपये नगद।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद औरैया/थाना अछल्दा

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 13.10.2024 को थाना अछल्दा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर घसारा नहर पुल के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सर्वेन्द्र कुमार उर्फ सर्वेश घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद इटावा, औरैया, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कन्नौज, फतेहगढ़ व कमिश्नरेट आगरा व लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 49 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त अछल्दा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना अछल्दा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1—सर्वेन्द्र कुमार उर्फ सर्वेश निवासी नंगला पंछी थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी**

1–01 मोबाइल फोन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

**जनपद हापुड़/थाना गढ़मुक्तेश्वर**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 लाइसेंसी बन्दूक (डीबीबीएल) 12 बोर**
- **चोरी के 22 हजार 200 रूपये नगद**
- **चोरी के चाँदी के आभूषण**
- **02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 13.10.2024 को थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दौताई नहर पटरी शाहपुर चौराहा के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–शहजाद घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–आसिम 3–परवेज सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 लाइसेंसी बन्दूक (डीबीबीएल) 12 बोर, चोरी के 22 हजार 200 रूपये नगद, चोरी के चाँदी के आभूषण, 02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त शहजाद के विरूद्ध डनपद हापुड़, मेरठ, बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग, अभियुक्त आसिम के विरूद्ध जनपद हापुड़, बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त परवेज के विरूद्ध जनपद हापुड़, बुलन्दशहर के

विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद बन्दूक, रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शहजाद निवासी खुशहाल नगर लिसाडी रोड थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।

2–आसिम निवासी ग्राम नानपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।

3–परवेज निवासी कस्बा शाहजहाँपुर थाना किठौर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 लाइसेंसी बन्दूक (डीबीबीएल) 12 बोर।

2–चोरी के 22 हजार 200 रूपये नगद।

3–चोरी के चाँदी के आभूषण।

4–02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना सिरसागंज

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 13.10.2024 को थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सूरजपुर दुगमईनगर के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त यादवेन्द्र उर्फ मोना घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 30 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—यादवेन्द्र उर्फ मोना निवासी एमा हसननगर थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद बाराबंकी/थाना रामनगर**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल**
- **चोरी की 01 पिकप वाहन (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 13.10.2024 को थाना रामनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जफरपुर मोड़ के पास से अभियुक्त शमशुद्दीन उर्फ अब्दुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 मोटर साइकिल, चोरी की 01 पिकप वाहन (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी, अयोध्या के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद मोटर साइकिल, पिकप वाहन आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना रामनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—शमशुद्दीन उर्फ अब्दुल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना मवई जनपद अयोध्या।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 08 मोटर साइकिल।

2—चोरी की 01 पिकप वाहन (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

## <u>जनपद मैनपुरी/थाना साइबर क्राइम</u>

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 01 लाख 17 हजार रूपये नगद**
- **03 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 बायोमैट्रिक मशीन आदि बरामद**

दिनांक 13.10.2024 को थाना साइबर क्राइम मैनपुरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 05 अभियुक्तों 1—कन्हैया, 2—प्रतीक 3—पवन 4—सचिन कुमार 5—रजत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 01 लाख 17 हजार रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 बायोमैट्रिक मशीन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो सोलर पम्प लगवाने वाले लोगो को कॉल करके उनसे पंजीकरण के सत्यापन कराने के नाम पर धोखाधड़ी की करते थे।

इस सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—कन्हैया निवासी ग्राम सोरई थाना खन्दौली कमिश्नरेट आगरा।

2—प्रतीक निवासी रामनगर छारबाग जनपद फिरोजाबाद।

3—पवन निवासी ग्राम रामनगर छारबाग जनपद फिरोजाबाद।

4–सचिन कुमार निवासी ग्राम अमरगढ़ जनपद बुलन्दशहर।

5–रजत निवासी संतोष नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–धोखाधड़ी के 01 लाख 17 हजार रूपये नगद।

2–03 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 बायोमैट्रिक मशीन आदि।

————